आनंद उत्सव की रंगोली प्रतियोगिता में आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री व गिरीश सारस्वत के साथ आनंदक अणिमा आचार्य, मधु परिहार पुष्पेंद्र सिंह सिसोदिया, सुरेंद्र अग्निहोत्री , प्रतिभा सिन्हा, पवन मकवाना, सुषमा अग्निहोत्री , कृष्णलाल शर्मा, आशा पुरी, आशा रावत, धर्मा कोठारी ,विशाल वर्मा, विमलेश वर्मा, कमल सिंह राठौर, राजेंद्र चतुर्वेदी, विजय शर्मा, नरेंद्र त्रिवेदी, प्रीति गोठवाल, रामनिवास राठौर ने सहयोग किया। आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री ने कहा कि मात्र 14 से 28 जनवरी तक ही आनंद उत्सव नहीं था, रतलाम आनंद क्लब द्वारा आनंद के लिये सतत गतिविधियां जारी रहेगी ।

रंगोली प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे–बालिका वर्ग–प्रथम –दीप्ति पोरवाल, द्वितीय–याशिका टाँक, तृतीय–प्रियंका गौड़, बालक वर्ग–प्रथम –आकाश शर्मा, द्वितीय–आयुष शर्मा, तृतीय–रोहित यादव, महिला वर्ग–प्रथम–निधि जैन,रिद्धि जैन, द्वितीय–राधा सांखला तृतीय– स्तुति अग्निहोत्री, आशा पूरी।

# उद्यान पर्यवेक्षक, झोन प्रभारी व माली निलंबित कुश सांगते को वार्ड 35 के प्रभार से हटाया स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ सूचना–पत्र

रतलाम 30 जनवरी । 30 जनवरी को महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथी पर नगर निगम कायालय के सामने स्थित गांधी उद्यान में समय पर ताला नहीं खोलने व साफ–सफाई नहीं पाये जाने के संबंध में नागरिकों द्वारा नाराजगी प्रकट किये जाने पर उद्यान पर्यवेक्षक श्री अनिल पारा, झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े, माली नारायण गेहलोत को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया साथ ही श्री कुश सांगते को वार्ड क्रमांक 35 के प्रभार से मुक्त किया गया इसके अलावा स्थायीकर्मी माली श्री मनीष–पन्नालाल का 7 दिवस का वेतन काटा गया। उक्त लापरवाही के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी श्री जी.के. जायसवाल को कारण बताओ सूचना–पत्र जारी किया गया।

## *इंजीनियर कुरेशी, दशोत्तर, सहा0 वर्ग–2 गेहलोत की 1–1 वेतनवृद्धि रोकी*

रतलाम 30 जनवरी । कलेक्टर एवं निगम प्रशासक द्वारा 18 जनवरी को अमृत सागर कन्सर्वेशन के अन्तगत डिस्लेटिंग प्रपोजल अनुमोदन किये जाने के बाद भी इप्को को प्रस्ताव नहीं भेजे जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार प्रभारी सहायक यंत्री श्री अनवर कुरेशी, श्री अरविन्द दशोत्तर व सहायक वर्ग–2 श्री कैलाश गेहलोत की 1–1 वेतनवृद्धि रोकी व कम्प्युटर आपरेटर श्री पुष्पेन्द्र सिंह को कार्य से बर्खास्त किया गया।

# बिना अनुमति व अनुमति के विपरित 10 के स्थान पर 30 प्रतिशत अवैध निर्माण का होगा प्रशमन (कम्पाउडिंग)

